!! ॐ श्री सिद्धि विनायकाय नमः!!

Mob:-07380848300
09415350610

# Om Shri Siddhivinayak Foundation

H.O. :A-112,Mehndouri Colony, Teliyarganj, Prayagraj (Uttar Pradesh) 211004
Ad. Off. : C-68, Babaganj, B/h-New V-mart Pratpagarh 230001 U.P.

Website: www.ossvfoundaion.org
www.ossvfoundation.in

E-Mail:-info@ossvfoundaion.org,
info@ossvfoundation.in

## वर्षिक प्रगति आख्या–वर्ष 2019–20 Date:-................................

## भोजन वितरण कार्यक्रम

**ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन** द्वारा संचालित आर्या हॉस्पिटल में आने वाले गरीब लोगों को डाइटीशियन द्वारा निर्धारित डाइट चार्ट का पालन करते हुए दोनों पहर भोजन एवं जलपान आदि की समय–समय पर निःशुल्क व्यवस्था प्रदान की जाती है और इसके साथ उक्त मरीजों के तिमारदारों को भी निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम की सुविधा का लाभ प्रदान किया जाता है जिससे मरीजों और उनके तिमारदारों को न सिर्फ अच्छी डाइट मिलती है अपितु पौष्टिक भोजन के साथ अनावश्यक खर्च और व्यर्थ की भाग दौड़ से बचत होती है।

## कैंसर जागरूक्ता अभियान

कैंसर किसी रोग का नाम नहीं अपितु यह एक भयानक त्रासदी और महामारी का नाम है। इसमें न सिर्फ न सिर्फ कैंसर पीड़ित व्यक्ति मरता है अपितु उसका पूरा परिवार मरता है, ना शारीरिक रूप से सही मानसिक एवं आर्थिक रूप सें यह एक गम्भीर और महंगी बीमारी है। गरीब आदमी तो उसी दिन मर जाता है जिस दिन उसको ये पता चलता है कि वह कैंसर पीड़ित है। कैंसर असाध्य नहीं है। इसे नियंत्रित करने और खत्म करने की विश्व स्तर पर अनेक इलाज, औषधियां एवं प्रक्रियाएं उपस्थित है किन्तु तथापि भारतीय समाज में अग्रणी समाज की व्यवस्थता और पिछड़े समाज के प्रति उदासीनता तथा आपसी ताल–मेल का ना होना, कैंसर जैसे रोगों को विकसित कर रहा है। ॐ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में चलायी जाने वाली मुहिम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को कैंसर जैसे गम्भीर विषय पर बात करना और जानकारी देना कब? कहां? किसे? किस रूप में? कैंसर हो सकता है एवं उससे बचने के उपाय क्या है? इसका इलाज क्या है? और प्रदेश में या देश में कहां–कहां उपलब्ध है? सरकार कैंसर पीड़तों के लिए किस प्रकार के कितने फण्ड चला रही है? और दे सकती है? इसकी जानकारी देना और साझा करना। ॐ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन ने अपने "कैंसर मुक्त स्वस्थ समाज" अभियान के अन्तगर्त मुहिम चलाकर लोगों को कैंसर जैसे विषय पर बात करना सिखाया और आज धीरे–धीरे उसका स्वरूप बढ़ता जा रहा है।

## वृक्षारोपड़ कार्यक्रम

**ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन** द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार वृक्षों विशेषतया पर्यावरण एवं जैव विविधता वाली भूमिका अदा करने वाले 550 वृक्षों का रोपण जनपद–प्रतापगढ़ के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया जिनमें विकास खण्ड शिवगढ़ के अन्तर्गत ग्राम मानापट्टी, अलमापुर, पण्डितपुर, का चयन किया गया एवं नगर क्षेत्र के कुछ प्रमुख स्थल भी सम्मिलित रहें। उक्त संस्था ने न सिर्फ वृक्षारोपड़ किया अपितु उन वृक्षों कि पर्यावारणिक सहभागिता एवं महत्व से भी आस–पास के लोगों को अवगत कराया और उन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हेतु लोगों को शपथ भी दिलायी और उन्हीं लोगो को प्रेरित कर लगाये गये पौधों के सुरक्षा हेतु उपाय भी करवायें गयें। स्थानीय लोगों का सहयोग भी सराहनीय रहा।

!! ऊँ श्री सिद्धि विनायकाय नमः!!

Mob:-07380848300
09415350610

# Om Shri Siddhivinayak Foundation

H.O. :A-112,Mehndouri Colony, Teliyarganj, Prayagraj (Uttar Pradesh) 211004
Ad. Off. : C-68, Babaganj, B/h-New V-mart Pratpagarh 230001 U.P.

Website: www.ossvfoundaion.org
www.ossvfoundation.in

E-Mail:-info@ossvfoundaion.org,
info@ossvfoundation.in

## निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

Date:-................................

विकास खण्ड पट्टी, कुण्डा ब्लाकों में विभिन्न निः"ुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैम्पों में लगभग 750 मरीजों का निः"ुल्क परीक्षण किया गया जिसमें लगभग 105 मरीज मधुमेय रोग से पीड़ित पाये गये जिसमें प्रत्यके आयु के स्त्री और पुरुष शामिल थे एवं लगभग 75 से 65 प्रति"ात मरीज रक्ताल्पता से पीड़ित पायें गये, 212 गर्भवती महिलाओं को देखा गया एवं 93 बच्चों का परीक्षण भी किया गया जिनमें से लगभग 200 बच्चें कुपोषित पाये गये।

## महिला जागरूकता शिविर

**ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन** द्वारा जनपद प्रतापगढ़ मुख्यालय से दूर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र विकास खण्ड बेलखरनाथ एवं विकास खण्ड सण्डवा चण्डिका में महिला जागरूकता शिविरों का आयोजन अगस्त, दिसम्बर तथा फरवरी के द्वितीय सप्ताह में किया गया। उक्त शिविर **ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन** द्वारा संचालित आर्या हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वयं के आहार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक न होने के कारण न होने वाली बीमारियों तथा संक्रमण के प्रति जागरूक करना था जैसे रक्ताल्पता (एनीमिया), कम पानी पीने के कारण डिहाइड्रेशन, मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति में गन्दे कपड़ों के इस्तेमाल से होनेवाली इन्फेक्शन, असंतुलित भोजन से होने वाली कैल्शियम की कमी श्वेत प्रदर (ल्यूकोरिया) आदि के प्रति जागरूक करना तथा उनकी तकलीफों एवं बीमारियों को साझा करना। साथ ही असंख्य महिलाओं से बात करने पर कुछ चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आये जैसे–महिलाएँ घर की हो या गरीब घर की, सम्पन्न हो अथवा विपन्न किन्तु एक बात लगभग समान रही।

## एड्स जागरूक्ता अभियान

एड्स जो कि अपने आप में एक महामारी एक त्रासदीके यप में जानी जाती है। उक्त बीमारी में मरीज जो शारीरिक कष्ट झेलता है तो अलग है परन्तु जो सामाजिक और पारिवारिक उलाहनाओं, उपेक्षाओं, अपमान और उपहास का सामना उसे करना पड़ता है वह निःसन्देह हमारे समाज का कड़वा सच है और ि"ाक्षित समाज पर एक बदनुमा धब्बा है हमारा समाज एड्स सम्बन्धित जानकारियों का अभाव है। एड्स का मरीज दवा से ज्यादा सहानुभूति, सदभावना और पारिवारिक प्रेम और सौहार्द का भूखा होता है। यदि यह मान भी लिया जाय कोई भी व्यस्क स्त्री और पुरुष असुरक्षित यौनाचार या दुराचार में लिप्त है या था या थी तो प्र"न इस बात का है उन मासूमों का क्या जो अभी बच्चे है ? ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डे"ान ने अभियान चलाकर गांव–गांव तक एड्स सम्बंधी जानकारी लोगों से साझा की और तामम एड्स पीड़िता मरीजों से मुलाकात की तथा उनके परिवारों और उनके गांव वालों के बीच में बैठकर ऐसे मरीजों के प्रति हमें क्यों उदार होना चाहिए? क्यों उन्हें बल प्रदान करना चाहिए? इन विषयों पर चर्चा की।

R. M. OJHA
(Secretary)
OM SHRI SIDDHIVINAYAK
FOUNDATION

रवि मोहन ओझा (सचिव)
ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन